प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- विपक्षी विधायकों ने विधानसभा में गुजारी रात, आठ घंटे बाद मार्शल ने वेल से निकाला तो विधानसभा की लॉबी में धरने पर बैठे, आज भी मानसून सत्र की कार्यवाही हंगामेदार होने की संभावना।
- हावड़ा–मुम्बई मेल हादसे के बाद चक्रधरपुर रेल मंडल की थर्ड लाइन पर परिचालन फिर शुरु, अप–डाउन लाइन पर भी आज शाम से परिचालन शुरु होने की संभावना।
- झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के जलस्त्रोतों के प्रदूषण और अतिक्रमण पर सरकार से मांगा जवाब, 71 तालाबों की मांगी जानकारी।
- राज्य में पिछले 24 घंटे में वज्रपात से आठ लोगों की मौत, मौसम विभाग ने रांची, कोडरमा, लोहरदगा और पलामू समेत कई जिलों में आज भी भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।
- पेरिस ओलंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने निशानेबाज स्वप्निल कुसाले।

*******************

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र कल काफी हंगामेदार रहा। कार्यवाही खत्म होने के बाद भी विपक्षी विधायक सदन में डटे रहे। विपक्षी सदस्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कई मुद्दों पर जवाब मांग रहे थे। वे वेल में धरने पर बैठ गये। करीब आठ घंटे के बाद स्पीकर रवींद्रनाथ महतो के आदेश पर विधानसभा के मार्शलों की संख्या बढ़ाई गयी और विपक्षी विधायकों को मार्शल आउट किया गया। वेल से बाहर निकाले जाने के बाद विपक्षी विधायक विधानसभा की लॉबी में ही धरने पर बैठ गये। सभी विधायक रात से अब तक विधानसभा में ही जमे हैं। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी का कहना है कि जब तक मुख्यमंत्री जवाब नहीं देंगे, वे लोग सदन में ही रहेंगे।

*******************

विपक्षी विधायकों के सख्त रवैये को देखते हुए आज भी मानसून सत्र के काफी हंगामेदार होने की संभावना है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया कि विधानसभा सरकार के इशारे पर आपातकाल की पुनरावृति हुई है। उन्होंने कहा कि सदन में धरने पर बैठे विधायकों के साथ सरकार का जो व्यवहार है वह अनुचित है।

*******************

इस बीच सरकार ने विपक्ष के विधायकों के रवैये को अनुचित बताया है। राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि भाजपा सदन की मर्यादाओं का उल्लंघन कर रही है और इस पर विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करनी चाहिए।

*******************

दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर–चक्रधरपुर रेल खंड पर तीसरी लाइन पर रेल यातायात बहाल कर दिया गया है। इस लाइन से सबसे पहले मालगाड़ी को गुजारा गया। इसके बाद हावड़ा–मुंबई गीतांजलि सुपरफास्ट ट्रेन को गुजरने की अनुमति दी गई। चक्रधरपुर मंडल के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा है कि अप और डाउन लाइन पर यातायात बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास चल रहा है। आज शाम तक इस लाइन पर भी परिचालन शुरु हो जाने की संभावना है। चक्रधरपुर रेलवे मंडल के अंतर्गत पोटोबेड़ा गांव के पास बाड़ाबम्बो और खरसावा रेलवे स्टेशनों के बीच मंगलवार की सुबह हावड़ा–मुंबई मेल की 18 बोगियों के पटरी से उतरने के बाद इस खंड पर रेल यातायात बाधित हो गया था।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में नदियों के प्रदूषण और अतिक्रमण को लेकर सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार के जवाब पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा कि सरकार के जवाब में कुछ भी नया नहीं है। अदालत ने सरकार से रांची के 71 तालाबों की जानकारी मांगी है। अदालत ने सरकार को जलस्त्रोतों को बचाने और अतिक्रमण मुक्त करने के लिए दीर्घकालीन योजना पेश करने का निर्देश दिया है।

*******************

केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना ने अबतक कई लोगों को जीवन दान दिया है।

*******************

राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात से आठ लोगों की मौत हो गयी है। वहीं एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़वा, हजारीबाग, लातेहार में दो–दो जबकि गिरिडीह और लोहरदगा में एक–एक व्यक्ति की वज्रपात से जान गयी है। इस बीच मौसम विभाग ने आज भी रांची, पलामू, कोडरमा, लोहरदगा समेत कई जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इसके साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

*******************

पेरिस ओलंपिक में निशानेबाज स्वप्निल कुसाले आज पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री–पोजिशन शूटिंग प्रतियोगिता में भारत के लिए तीसरे पदक की दावेदारी पेश करेंगे, जबकि दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निखत जरीन महिलाओं की 50 किग्रा मुक्केबाजी में पदक हासिल करने की कोशिश करेंगी। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री–पोजिशन क्वालिफाईंग स्पर्धा में कुसाले ने सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई है। कुसाले इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं। पेश है एक रिपोर्ट–

साउंड बाइट – एक रिपोर्ट – 60 सेकेंड

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा में कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी विपक्षी विधायकों के जमे रहने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– मार्शल आउट के बाद भी विधानसभा में डटा विपक्ष।

प्रभात खबर लिखता है– अनोखा विरोधः सदन में डटे विपक्षी विधायक, सीएम ने मनाया, नहीं मानें, आठ घंटे बाद मार्शल ने निकाला, तो लॉबी में जमे।

दैनिक भास्कर ने भी झारखंड विधानसभा में हुए हाई वोल्टेज ड्रामा की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– सदन में रात तक डटे भाजपा विधायक, मार्शलों ने निकाला।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने ली शपथ।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने वायनाड में विनाशकारी भूस्खलन से उत्पन्न हालात की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

****************